हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
17 अप्रैल 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने सकारात्मक सुझाव दिए हैं।
- आज देशभर में राम नवमी का पर्व पूरी श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जा रहा है। अयोध्या में भी इस बार राम नवमी मेले की धूम देखने को मिली।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने मतदाताओं से मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का आहवान किया है।
- किसान अपने तीन साथियों की रिहाई के लिए शंभू रेलवे ट्रैक पर धरने पर बैठे। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन का व्यापक असर देखने को मिला।
- पलवल जिले में पुलिस ने 148 किलो से अधिक गांजा पत्ती सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

..............................................................................

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पूरा देश एक राष्ट्र, एक चुनाव की आवश्यकता अनुभव कर रहा है।

हिंदी डेली नामक समाचार पत्र के साथ साक्षात्कार में श्री मोदी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च-स्तरीय समिति ने सकारात्मक सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रणाली लागू की गई तो देश को बहु-आयामी लाभ होगा।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प भारत को, विश्व के प्रत्येक उभरते क्षेत्र के लिए वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए वे रात-दिन कडी मेहनत कर रहे हैं।

..............................................................................

देश भर की 540 बैंक शाखाओं में अमरनाथ यात्रा के लिये ऑफ लाइन पंजीकरण किया जा रहा है।

जम्मू कश्मीर में अधिकृत 21 बैंक शाखाओं के साथ दूसरे राज्यों में यस बैंक में भी यात्रियों का पंजीकरण किया जा रहा है। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी और 14 अगस्त

तक जारी रहेगा। 52 दिन की अमरनाथ यात्रा के लिये ऑनलाइन यात्री पंजीकरण प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जायेगी।

..................................................................................

आज देशभर में रामनवमी का पर्व पूरी श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जा रहा है।
अयोध्या में चैत्र रामनवमी मेले की धूम देखने को मिली। नवनिर्मित श्रीरामलला मंदिर में पहली बार राम जन्मोत्सव मनाया गया। राम जन्मोत्सव ने त्रेता युग का दृश्य निर्मित किया, जिसके भव्य आयोजन को दुनिया भर के सनातन धर्मियों ने सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा।
प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किये थे और मेला क्षेत्र को जोन, सेक्टर और सब सेक्टर में बांटकर सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम लला के सूर्य तिलक को डिजिटल माध्यम से देखा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि लाखों भारतीयों की तरह यह उनके लिए भी एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की भव्य रामनवमी ऐतिहासिक है।

..................................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रामनवमी के पावन अवसर पर पंचकूला स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की और भगवान वेंकेटेश्वर का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेश वासियों को रामनवमी की बधाई दी।
इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव और श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रधान टीवीएसएन प्रसाद मौजूद रहे।
श्री वेंकेटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रतिनिधियों द्वारा राज्यपाल को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

..................................................................................

अंबाला में आज रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है।
सुबह अंबाला जिले के विभिन्न मंदिरों मे पूजा अर्चना की गई। जगह-जगह पर भंडारे लगाए गए।
अंबाला के माता अम्बिका देवी मंदिर, हाथी खाना मंदिर और बादशाही बाग स्थित मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। मंदिरो में पिछले कई दिनों से रखे गए रामायण के पाठ का भोग भी डाला गया और सबके लिए सुख समृद्धि की कामना की गई।
कैथल में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा सुंदरकांड का पाठ करवाया गया, जिसमें 151 महिलाओं ने एक साथ हनुमान जी का गुणगान किया। सभा द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। कैथल के साई मंदिर में भी राम नवमी श्रद्धा एवं उल्लास से मनाई गई।

फरीदाबाद में महारानी श्री वैष्णो देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने भगवान राम और मां सिद्धिदात्री के दर्शन किए। मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया।

.................................................................................

आज चैत्र नवरात्रि की नवमी के दिन पंचकूला स्थित माता मनसा देवी शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका व सब की सुख समृद्धि की कामना की। आज मंदिर में मां का दिव्य श्रृंगार किया गया है।

हमारी संवाददाता ने बताया है कि चैत्र नवरात्र मेले के आठवें दिन तक श्री माता मनसा देवी, श्री काली माता मंदिर कालका व चंडी माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने कुल 35 लाख 11 हजार 646 रूपये की राशि चढ़ावे में भेंट की इस दौरान माता मनसा देवी मंदिर में लगभग 1 लाख 55 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए।

.................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार है और 5 वर्ष के बाद मिलने वाले इस मौके को गवाना नहीं चाहिए, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान कर गौरवांवित महसूस करना चाहिए।

श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान में उनकी भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का कोई भी मामला सामने आने पर इसकी जानकारी टोल फ्री नंबर 1950 और सी विजिल ऐप पर देने की अपील की है।

.................................................................................

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर आज किसानों ने शंभू के पास रेलवे ट्रैक पर धरना लगा दिया। किसानों द्वारा रेल रोको आंदोलन, युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा समेत तीनों किसानों की रिहाई के लिए किया जा रहा है।

रेल रोको आंदोलन का अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर व्यापक असर देखने को मिला। कुछ रेलगाडियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया, ओर चंडीगढ़ के रास्ते भेजा गया। जबकि कुछ रेलगाडियों को रद्द करना पड़ा, जिसके चलते यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

रेल यात्रियों का कहना है कि इस तरह से रेल रोकना अनुचित है। उन्होने कहा कि रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन कर रेलगाड़ियों को रोकने से अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

.................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पलवल विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। इस अवसर पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक दीपक मंगला सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री नायब सिंह सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और विरासत अमूल्य है। पिछली सरकारों में देश की संस्कृति और नैतिक मूल्य विलुप्त हो रहे थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने भारतीय संस्कृति को फिर से स्थापित करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में विकास के नए आयाम स्थापित किए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पलवल जिले में पिछले 10 वर्षों में काफी विकास हुआ।

केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग देश की जनता का गुमराह करने का कार्य कर रहे है।

..........................................................................................

पलवल जिले में थाना चांदहट पुलिस ने आज करीब 40 लाख रुपए की कीमत की 148 किलो 460 ग्राम गांजा पत्ती सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने यह मादक पदार्थ केजीपी एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स के निकट नाकाबंदी कर, नोएडा से पलवल की तरफ आ रही एक कार से बरामद किया। गांजा पत्ती को प्लास्टिक के 6 कट्टों में रखा गया था।

..........................................................................................

हरियाणा और चंडीगढ़ में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

कल अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई, जो लगभग सामान्य है। हरियाणा में अधिकतम तापमान सिरसा में 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभाग के अनुसार फिलहाल आने वाले दिनों में गिरावट दर्ज हो सकती है लेकिन आगे जाकर इस बार ज्यादा गर्मी पड़ने की संभावना है।

सरकार ने गर्मी बढ़ने पर लू चलने की स्थिति में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और बिना कारण घर से न निकलने की सलाह दी है।

..........................................................................................

जींद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने जिले में डेंगू की रोकथाम के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

जींद के सिविल सर्जन डॉक्टर गोपाल गोयल ने बताया कि विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया व अन्य बिमारियों से रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि

स्वास्थ्य विभाग ने निजी लैब से डेंगू की जांच की फीस 600 रुपये निर्धारित की है। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल में यह जांच निशुल्क की जाती है।

डॉ गोयल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों को डेगूं जांच के लिए तय फीस लेने के निर्देश दिए गए हैं, अगर निर्धारित फीस से ज्यादा रुपये मरीज से वसूले गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत होगी,उन्हें यह सुविधा दी जायेगी।

उन्होंने यह भी बताया कि जिले में अभी तक डेंगू का कोई भी मामला सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में डेंगू रोगियों के लिए अलग से कक्ष होना सुनिश्चित किया गया हैं।

.............................................................................................